संक्षिप्त

जरूरतमंदों को भोजन व लस्सी बांटी

फुलेरा, (निसं)। इण्डियन रोटी बैंक राजस्थान के तत्वाधान में सदस्यों व कार्यकर्ताओं ने अन्नपूर्णा रसोई केन्द्र में भोजन करवाया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाजसेवी एवं सदस्य बृजेश कुमार टांक ने बताया कि संस्था द्वारा गरीबों को भोजन एवं दही की लस्सी का वितरण कर पढ ने लाभ कमाया वही सदस्यों द्वारा आर्थिक सहयोग के रूप में रसिया भी दी गई जिसमें चन्द्रकान्ता कविता सैनी, रीना जैन, विजय प्रजापति, अजय चौहान, पुष्पा चौहान, गीता गुप्ता सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

गौड ब्राह्मण समाज की बैठक आज

निवाई, (निसं)। अलियाबाद मोड पर स्थित अखिल हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज बालिका छात्रावास में रविवार को सुबह 11 बजे समिति अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी। जिला महामंत्री मांगीलाल शर्मा व जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीचन्द शर्मा ने बताया कि बैठक में छात्रावास परिसर में नवनिर्माण भवन प्रगति रिपोर्ट व छात्रावास अध्यक्ष के चुनाव को लेकर चर्चा की जाएगी।

जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारियां शुरू

निवाई, (निसं)। नया मंदिर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। मंदिर महंत विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि भगवान जगन्नाथ रथयात्रा 7 जुलाई को निकाली जाएगी। रथयात्रा को लेकर मंदिर में भगवान हरिकृष्ण चन्द्र के लिए आकर्षक रथ को सजाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। 7 जुलाई को भगवान हरिकृष्ण चन्द्र का मंत्रोच्चार के साथ विशेष अभिषेक किया जाएगा। रथ में आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। भगवान की रथ में पांच बार महाआरती होगी। इसके बाद श्रद्धालु भगवान के रथ को हाथों से खींचकर भ्रमण करवाएंगे।

ग्राम पंचायत ने रास्ता खुलवाया

निवाई, (निसं)। गांव काचरिया में श्मशान तक जाने वाले रास्ते का ग्राम पंचायत द्वारा सीमा ज्ञान करवाकर रास्ते को खुलासा करवा दिया है। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड गई। ग्रामीण मूलचंद मीणा, रामकिशोर मीणा, कृष्णा मीणा, नंदा मीणा, जगदीश मीणा व हनुमान मीणा सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि वर्षो से श्मशान में जाने का रास्ता नहीं होने से परेशानी उठानी पड रही थी। विशेष रूप से बारिश के मौसम में काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा था। सरपंच रमेशचंद यादव के प्रयासों से श्मशान तक जाने वाले रास्ते का सीमा ज्ञान करवाकर रास्ते को खुलासा करवा दिया गया है।

श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि आज

झुंझुनूं , (निसं) भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अगुवाई में रविवार 23 जून को ज़िले के सभी 42 मंडलों पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा।जानकारी देते हुए भाजपा जिला प्रवक्ता कमल कान्त शर्मा ने बताया कि ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने मुखर्जी की पुण्यतिथि कार्यक्रम हेतु ज़िले के कार्यक्रम प्रभारी का दायित्व भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा बगड को दिया है। कार्यक्रम हेतु ज़िले के सभी मंडलों पर कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किए गए है। झुझुनू शहर मण्डल में मुनि आश्रम के सामने प्रात: 11 बजे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई जाएगी।झुझुनू शहर मण्डल में इस कार्यक्रम के लिए प्रभारी नगर उपाध्यक्ष ललित जोशी को एव सह प्रभारी उपाध्यक्ष जगदीश गोस्वामी को नियुक्त किया गया है।

मदरसा इस्लाम की रखी नींव

रतनगढ , (निसं)। नगर के रियाजत अली काजी (खोखर) ने अपनी पुस्तने जमीन मदरसा स्कूल के लिए दान की है। वार्ड संख्या 26 में स्थित नमाज जुम्मा मोहल्ला बारुदगरान में मदरसा मोईनूल इस्लाम स्कूल की विधायक पूसाराम गोदारा, चीफ शहर काजी रजा मुराद अलवी, पूर्व शहर काजी मो. इस्माइल, अरविन्द चाकलान के आतिथ्य में नींव रखी गई! इस अवसर पर मोलाना सफी, सदर इस्लामुद्दीन, फतेह मोहम्मद, मोलाना अब्दुल हमीद, कासम निर्वाण, अनवर कुरेशी, रियाजत अली खोखर, यासीन, अब्दुल रशीद, खालिद पठान, महबूब सिक्का, फारुख, लियाकत अली, अयूब अली, जहीर अब्बास सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

विधायक ने सुने अभाव-अभियोग, शिकायतों का मौके पर निस्तारण

कोटपूतली, (निसं)। विधायक हंसराज पटेल ने शनिवार को कस्बा स्थित सर्विस लेन पर डाक बंगला परिसर में आमजन की नियमित साप्ताहिक जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने लोगों के बिजली, पानी, सडक व मार्ग विवादों समेत विभिन्न अभाव-अभियोग सुने।

साथ ही व्यक्तिगत समस्यायें भी सुनते हुये मौके पर ही निस्तारण किया। इस बाबत पटेल ने सम्बंधित अधिकारियों को दूरभाष पर समस्याओं के निदान के लिये निर्देशित किया। पटेल ने कहा कि आमजन की समस्याओं का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण करें, किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसी प्रकार पटेल ने पावटा पंचायत समिति में भी साप्ताहिक जनसुनवाई की। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि पंकज पटेल, पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर, भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष रघुवीर गोयल, मंडल अध्यक्ष कैलाश स्वामी, धर्म सिंह भैंसलाना समेत अन्य मौजूद रहे।

गुर्जर समाज के पंच-पटेलों ने विधायक हंसराज पटेल को ज्ञापन सौंपकर गुर्जर आरक्षण आन्दोलन के प्रणेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रतिमा पनियाला मोड पर लगवाये जाने की मांग की।

जनसुनवाई के दौरान गुर्जर समाज के पंच-पटेलों ने भी विधायक पटेल से भेंट करते हुये उन्हें ज्ञापन सौंपकर गुर्जर आरक्षण आन्दोलन के प्रणेता स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की

■ गुर्जर समाज के पंच-पटेलों ने ज्ञापन सौंपा

आदमकद प्रतिमा पनियाला मोड पर लगवाये जाने की मांग की। इस दौरान पूर्व उप प्रधान रामेश्वर रावत, अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर, उप प्रधान एड. राजेन्द्र रहीसा, एड. विकास जांगल, एड. कमल कसाना समेत अन्य मौजूद रहे। वहीं धानका समाज के प्रतिनिधियों ने खेडकी मुक्कड में धानका समाज के परिवारों को हो रही आम रास्ते की समस्या से अवगत करवाया। युवा धानका समाज जिलाध्यक्ष महेश निर्वाण ने बताया कि 15 से 20 घरों की ढाणी होने पर भी आम रास्ते की समस्या रहती है। विशेष रूप से बारिश के मौसम में आवागमन में परेशानी होती है। विधायक पटेल ने सभी समस्याओं के जल्द से जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया।

फर्जी पत्रकार शांतिभंग में गिरफ्तार

दूदू, (निसं)। जिले के अधीन उपखंड मुख्यालय मोजमाबाद पर संचालित पुलिस थाने की पुलिस ने कार्रवाई कर फर्जी पत्रकार बनकर घूमने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी संजय मीणा ने बताया कि 21 जून शुक्रवार को एक युवक ने थाने पर आकर अपने आप को चैनल का पत्रकार बताकर बंद मुलजिमों की जानकारी चाहिए तो मीणा ने परिचय देने की बात की। युवक द्वारा एक कार्ड पेश किया गया जिस पर फोटो लगने के साथ ही रामदयाल नाम लिखा था। कार्ड को संदिग्ध मानकर मीणा ने हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया तो किसी सहारनपुर यूपी में अध्यनरत छात्र का होना पाया गया की जांच की जा रही है। विद्यार्थी द्वारा बताया गया कि किसी प्रेस से संबंध नहीं है के साथ ही युवक झूठा हो गया। पुलिस ने फर्जी पत्रकार को शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

बिजली, पानी, सड़क निर्माण आदि समस्याओं का हुआ निस्तारण

दौसा, (निसं)। विधायक भागचन्द टांकडा ने शनिवार को विधायक कार्यालय बांदीकुई पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना। इस दौरान काफी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। आमजन ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी परिवेदनाएं उनके समक्ष रखकर निस्तारण कराने की मांग उठाई।

विधायक टांकडा ने जनसुनवाई में आए प्रत्येक परिवादी की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्तालाप कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से परिवेदनाओं को सुनते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रत्येक व्यक्ति के साथ

विधायक भागचंद टांकड़ा ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया

खडी है। क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। मेरे

■ विधायक ने आजमन की परिवेदनाओं को सुना

घर के द्वार जनता के लिए सदा खुले है। मैं स्थानीय व्यक्ति हूं। जनता ने मुझे सेवा का अवसर दिया है। इसलिए मैं हर समय सहज सुलभ रहता हूं, यही मेरा मुख्य दायित्व बनता है। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से जुडी ज्यादातर समस्याएं पेयजल एवं बिजली की आपूर्ति, सडक निर्माण, मानसून पूर्व नालियों की सफाई के संबंध में आई। इनमें अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया।

'हार जीत एक सिक्के के दो पहलू होते हैं'

रतनगढ़। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद भाजपा चुरू लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा वार कार्यकर्त्ता धन्यवाद सम्मेलन आयोजित करके कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार शाम को रतनगढ विधानसभा क्षेत्र का कार्यकर्त्ता धन्यवाद सम्मेलन स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में आयोजित किया गया।

मंचस्थ अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय,भारत माता एवम श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि हार जीत एक सिक्के के दो पहलु होते है। राजनीती में चार दशक का लम्बा अनुभव है ।इस बार हार का कडवा स्वाद भी चखा है। लेकिन परिस्थितियां कैसी भी हो, जनता जनार्दन का निर्णय स्वीकार करते हुए आगे बढेगे। जनता के सुख दु:ख में बराबर की भागीदारी निभायेगे। चुरू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी रहे देवेन्द्र झाझडिया ने कहा कि खिलाडी कभी हारता नही है। हर हार से सीखता है और फिर नये अनुभव के साथ आगे बढ़ता है। राजनीती क्षेत्र में हार जीत लगी रहती है। आप सब के बीच में रह कर कार्यकर्ताओं के कार्य करवाने के लिए कृत संकल्पित हूँ। झाझडिया ने कहा रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का विशेष आभार प्रकट करता हूँ कि पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा आगे रही है। पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने दिन रात एक करके रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को बढ़त दिलवाई है जो कि सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों से संभव हुआ है। भाजपा शहर मण्डल संयोजक महेश सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आभार प्रकट किया है। मंच पर चुरू विधायक हरलाल सहारण, भाजपा प्रदेश मंत्री डॉ वासुदेव चावला, भाजपा जिलाध्यक्ष बसन्त शर्मा,जिला प्रमुख वन्दना आर्य,जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मदन गोपाल बालान, जिला मंत्री भारती मुदगल, रतनगढ विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा, छापर नपा अध्यक्ष श्रवण सैनी, रतनगढ़ भाजपा शहर मण्डल संयोजक महेश सैनी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह

दूदू, (निसं)। उपमुख्यमंत्री राजस्थान सरकार डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि समाज को शिक्षा के प्रति जागृत होकर बालिका शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है। शिक्षित होने के बाद ही समाज का विकास संभव होगा।

बैरवा ने शनिवार को दूदू जिला मुख्यालय पर एक निजी रिसोर्ट में आयोजित बैरवा महासभा स्वागत समिति दूदू एवं मोजमाबाद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह के दौरान विचार व्यक्त किया साथ ही कहां की क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोडूंगा। सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव से ढाणी तक पहुंचाया जाकर आमजन को लाभान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर शाहपुरा विधायक लालाराम बेरवा पूर्व राज्यसभा सदस्य रामकुमार वर्मा चाकसू विधायक रामावतार बैरवा आयुक्त विभागीय जांच ओमप्रकाश बैरवा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा राकेश कुमार समिति के अध्यक्ष रतनलाल संयोजक बंसीलाल उपाध्यक्ष रामदयाल बैरवा संरक्षक हनुमान बैरवा सहित समाज बंधु मौजूद रहे। समारोह में डॉ प्रेमचंद बैरवा का समाज द्वारा 21 किलो फूलों की माला से स्वागत किया गया।

सुंदर सिंह की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी व पुष्पांजलि सभा

मनोहरपुर, (निसं)। शाहपुरा शहर के एक निजी गार्डन में नवनिर्वाचित भाजपा के सांसद राजेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा की अध्यक्षता व पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल एवं विधायक भाजपा प्रत्याशी उपेन यादव के विशिष्ट आतिथ्य में जनसंघ के संस्थापक सदस्य सुंदर सिंह भंडारी की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी व पुष्पांजलि सभा का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि सुंदर सिंह भंडारी राष्ट्र प्रेम एवं जनहित में सर्वस्व समर्पण करने वाले व्यक्तित्व के धनी थे। उन्हें उनके जीवन काल में उनको साक्षात विचारों को सुनने का अवसर मिला था। पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल ने कहा कि व्यक्ति जहां कहीं भी जिस दल में भी रहे पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ काम करना चाहिए।

तभी राजनीतिक दल आगे बढ ता है। कार्यक्रम का संचालन कैलाश शर्मा ने किया। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा जिला महामंत्री बृजेश सोनी, संयोजक किरण शर्मा व जिला महामंत्री गोपाल शर्मा सांसद सहित विशिष्ट अतिथि रहे। ओबीसी मोर्चा की प्रदेश मंत्री गुड्डू सैनी, पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रघुवीर सिंह चौधरी, पूर्व प्रधान मंजू

■ सुंदर सिंह भंडारी सर्वस्व समर्पण करने वाले व्यक्तित्व के धनी थे : सांसद राव राजेन्द्र सिंह

सैनी, पूर्व पालिका अध्यक्ष रजनी पारीक, शाहपुर नगर पालिका अध्यक्ष बंशीधर सैनी, कोटपूतली के पूर्व प्रधान विक्रम सिंह तंवर, शाहपुरा शहर मंडल अध्यक्ष महेश मित्तल, भाजपा एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष एडवोकेट बीएस बेनीवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सत्तार खान व किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सरदार मल यादव का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के जिला सहसंयोजक कल्याण बक्श गुर्जर, मंडल अध्यक्ष शाहपुरा देहात मोहनलाल गुर्जर, अमरसर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कुमावत, पूर्व जिला पार्षद पूरणमल बेनीवाल, आनंद मिश्रा, पंचायत समिति सदस्य विक्रम कसाना, पार्षद मालीराम सैनी, राधेश्याम सैनी, फूलचंद बडबडवाल, रविश खटाणा सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारी मौजूद थे।

अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर रोजगार के अवसर देता है : रामसिंह यादव

कोटपूतली, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ कोटपूतली के तत्वाधान में विगत 22 मई से आयोजित किये जा रहे ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर का शनिवार को समापन किया गया।

अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर व सीबीईओ भागीरथ सिंह मीणा, भामाशाह एवं समाजसेवी महेश मीणा, आजीवन सदस्य मंजू मीणा, भामाशाह दिनेश मित्तल, एसीबीईओ दयाराम चौरडिया, महेश सैनी, कमलेश कुमार अग्रवाल ने शिविर की सराहना की। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव ने कहा कि अभिरुचि शिविर रोजगार के अवसर प्रदान करते है। बालक-बालिकाओं को ऐसे अवसर का लाभ उठाते हुए सीखे गए कौशल को जारी रखते हुए इसे व्यावसायिक रूप से अपनाते हुए भावी जीवन में लाभ उठाना चाहिये। महेश मीणा ने कहा कि हमें मोबाईल की आभासी दुनिया से निकलकर

विभिन्न अभिरुचियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे बालक-बालिकाओं को पुरस्कार बांटे गये।

स्काउटिंग आन्दोलन की जीवन पद्दति को अपनाना चाहिये। भागीरथ सिंह मीणा ने बालकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए पौधारोपण करने के लिये प्रेरित किया। बालक-बालिकाओं को भामाशाहों की ओर से बैग व स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। विभिन्न अभिरुचियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे बालक-बालिकाओं को पुरूस्कार वितरण किये गये। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर किया गया। अतिथियों का स्कार्फ व माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। भामाशाह दिनेश मित्तल, महेश मीणा व मंजू मीणा का स्थानीय संघ की ओर से सम्मान किया गया। शिविर के निदेशक हरचंद मीणा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संचालन स्थानीय संघ के सचिव हंसराज

■ ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर का समापन

यादव ने किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु दक्ष प्रशिक्षक व संचालक मंडल का भी सम्मान किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। स्थानीय संघ के प्रधान मनोज चौधरी ने आभार प्रकट किया। इस दौरान सह निदेशक प्रधानाचार्य महेशचंद यादव, शिविर संचालक कमलेश कुम्हार, सहायक सचिव रामवीर यादव, सह संचालक सीताराम गुप्ता, अतुल कुमार आर्य, देवराज कुमावत, संदीप जांगिड़, कृष्ण कुमार यादव, गौरव सैनी, विशाल गुर्जर, अर्जुन नारायण, रामरतन सैन, रामावतार यादव, रजनी सैनी, कुलदीप सिंह, रामसिंह गुर्जर, प्रिया जांगिड़, शबनम, फरीन, जितेंद्र सिंह सहित अनेक दक्ष प्रशिक्षक, अभिभावक व बालक-बालिकायें उपस्थित रहे।

सार-समाचार

वन अधिकारियों ने किया निरीक्षण

बौंली- बामनवास, (निसं)। क्षेत्र की बौंली रेंज में वन महोत्सव 2024 के लिए चयनित किए गए स्थलों का जिला वन अधिकारियों ने मौका निरीक्षण किया एवं वृक्षारोपण व वितरण स्टॉक की जानकारी ली। बौली रेंज के वनपाल भूपेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि रणथंभौर बाघ परियोजना के मुख्य संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक अनूप के आर एवं उपवन संरक्षक श्रवण कुमार रेड्डी ने रैंज बौंली के अधीन ग्राम पंचायत झनूण, बौंली नर्सरी, गुप्तेश्वर गुफा व लव कुश वाटिका आदि स्थलों का निरीक्षण किया एवं नर्सरी में वृक्षारोपण व वितरण स्टॉक की रैंज बौंली वन विभाग स्टाफ से जानकारी ली। इस दौरान जिला वन अधिकारियों ने झनूण ग्राम पंचायत सभागार में एक आमजन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें आमजन को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में बौंली क्षेत्रीय वन अधिकारी कविता बाई जाट, वनपाल भूपेंद्र सिंह जादौन सहित वन विभाग के कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित थे।

जल सेवा में योगदान दिया

फुलेरा, (निसं)। फुलेरा जंक्शन पर दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत की ओर से रेल यात्रियों के लिए पिछले कई दिनों से जारी आरओ का निशुल्क जल सेवा में शनिवार को डेरा सच्चा सौदा के सदस्यों सहित अन्य लोगों ने जल सेवा में योगदान किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए दैनिक रेल यात्री संघ के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि निशुल्क जल सेवा का रविवार को सायं 4:15 बजे समापन किया जायेगा। गौरतलब है कि शनिवार को डेरा सच्चा सौदा के सदस्यों कै साथ दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत के पदाधिकारियों सहित स्काउट के बच्चों व समाजसेवी लोगों ने भी जल सेवा कर पुण्यलाभ कमाया।

लालदास महाराज का वार्षिकोत्सव मनाया

कोटपूतली, (निसं)। निकटवर्ती कस्बे प्रागपुरा के गूंजेडा धाम में शनिवार को लालदास महाराज का 30 वाँ वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महंत श्री श्री 108 भगवतदास महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ। आचार्य विकास शास्त्री ने बताया की कार्यक्रम में दूर-दराज के साधु संत शामिल हुये। इस मौके पर विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। समाजसेवी ओपी बायला ने अथितियों को प्रतिक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. राजेश दौचानिया, हजारी लाल गोठवाल, रवि स्वामी, महेन्द्र वर्मा, जतिन राजपूत, बिहारी मीणा, सिद्धार्थ, धीरसिंह डाबड़, रामावतार सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

एसडीएम ने सीएचसी का निरीक्षण किया

श्रीमाधोपुर, (निसं)। राज्य के स्वायत शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा की जनसुनवाई में शिकायतें प्राप्त होने पर अनिल कुमार उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर ने डॉ. राजेश मँगावा ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमाधोपुर के साथ राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थोई का औचक निरीक्षण किया तथा रिकॉर्ड चेक किया गया। पूर्व में आये रोगियों से फ़ोन पर बात कर व बाहर की जाँच लैब का निरीक्षण कर यह पता लगाने का भी प्रयास किया गया कि कहीं हॉस्पिटल से बाहर की दवाएँ या जाँचे तो नहीं लिखी जा रही है। सभी डॉक्टर्स को भी पाबंद किया गया कि यदि ऐसा पाया गया तो उनके ख़िलाफ़ कार्यवाही की जायेगी साथ ही अस्पताल में साफ़ सफ़ाई व गार्डन विकसित करने हेतु निर्देशित किया गया व प्रभारी चिकित्सक को नियमित चेकिंग हेतु पाबंद किया गया।

कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

भागवत कथा में बड़ी संख्या में महिलाएं व श्रद्धालु मौजूद रहे।

पावटा, (निसं)। उपखंड पावटा के प्राचीन गोपाल भैया मंदिर में 56वें पाटोत्सव के उपलक्ष्य में श्री श्री 108 मोहनदास रामायणी महाराज के सानिध्य में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन शनिवार को वृंदावन धाम से पधारे कथा वाचक आचार्य किशोर शरण महाराज ने कहा कि भगवान और संसार वैसे तो अभिन्न है, परंतु भगवान कृपा करके विभिन्न अवतार लेते है।

उन्होंने कहा भगवान की लीलाओं को सुनने मात्र से जीवन का कल्याण हो जाता है। जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने पूजा करवाकर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बडी धूमधाम से मनाया। कृष्ण जन्म के प्रसंग शुरू होते ही पांडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजनों के साथ झूम उठे। वहीं श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी कर मक्खन मिश्री के प्रसाद का भोग लगाकर वितरित किया। इस दौरान वासुदेव जी द्वारा भगवान श्री कृष्ण को पालने में ले जाते हुए भव्य सजीव झांकी ने सबका मन मोहा।

श्री 108 मोहनदास रामायणी महाराज ने बताया कि बुधवार 26 जून को हवन व पाटोत्सव कार्यक्रम मनाया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व सरपंच दौलत अग्रवाल, उमाकांत बंसल, दीपक गोयल, चंद्रमोहन सैन, पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, पावटा नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश गौड, विकास शर्मा, शिक्षक दुर्गादत्त भारद्वाज, दिनेश शर्मा, सुरेश शर्मा, दीपक भारद्वाज, सांवरमल बोहरा, अमन मिश्रा, हिमांशु शर्मा, शुभम टीलावत, अमित बटवाल, अमित शर्मा, साहिल टीलावत, नितेश शर्मा सहित बडी संख्या में महिलाए व श्रद्धालु मौजूद रहे।